आकाशवाणी केन्द्र शिमला
21.03.2025/प्रादेशिक समाचार/18.00बजे

प्रश्नकाल

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार जरूरत और मांग की हिसाब से नए संस्थान खोलेगी। शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज प्रश्नकाल में संस्थान खोलने व बंद करने संबंधी सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी सदस्य पूर्व सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए बंद संस्थानों के बजट दस्तावेज उपलब्ध करवाते हैं तो ऐसे संस्थानों को सरकार फिर से खोलने पर विचार करेगी। उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पूर्व जयराम सरकार ने सत्ता में वापिस आने के लिए आखिरी 6 महीने में एक हज़ार ऐसे संस्थान खोले जिनके लिए न बजट और न ही पद सृजित किए थे। विधायक रणधीर शर्मा के सवाल के जवाब में मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में जल शक्ति विभाग का एक–एक डिवीजन खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र और ग्रामीण विकास में सरकार संस्थानों का युक्तिकरण कर रही है। अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य के हित में जहां भी संस्थान खोलने की जरूरत होगी वहां खोलेंगे लेकिन अंधे तरीके से संपदा को नहीं लुटाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा नहीं है कि पूर्व सरकार के खोले गए संस्थान बंद रखे जाएंगे उनको सरकार खोल रही है मगर मेरिट व डी–मेरिट के आधार पर इनको खोला जा रहा है।

प्वाइंट ऑफ आर्डर

उपमुख्यमंत्री मुकेश अगिनहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार ब्यास नदी के किनारे खतरनाक क्षेत्रों को चिन्हित करने पर काम करेगी और ऐसे स्थान पर हादसे रोकने के लिए तत्काल एहतियातन कदम उठाए जाएंगे। वे आज विधानसभा में प्वाइंट ऑफ आर्डर के माध्यम से नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा मंडी जिला के थलौट में दो युवकों की मौत का मामला उठाने के बाद बोल रहे थे। अग्निहोत्री ने कहा कि ऐसे स्थानों पर लोगों को खतरे के बारे में जानकारी भी दी जाएगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि दो छात्र घनश्याम सिंह व एक अन्य के गुम होने की सूचना आई थी। उन्होंने मृतक छात्रों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं जताते हुए कहा कि दोनों बच्चों के शव आज सुबह मिले हैं। जयराम ठाकुर ने मंडी से मनाली तक ब्यास नदी के किनारे ऐसे सभी खतरनाक स्थानों को चिन्हित करने की सरकार से मांग की जहां पानी में डूब जाने और बह जाने जैसी घटनाएं घटित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि ब्यास नदी में ऐसी बहुत घटनाएं होती हैं और पर्यटकों के साथ भी ऐसे हादसे कई बार हो चुके हैं। विधायक सुदर्शन बबलू ने भी अपने चुनाव क्षेत्र में हुए इस तरह के हादसे का जिक्र किया। इसी मुद्दे पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सरकार को इस दिशा में कड़े कदम उठाने के अलावा लोगों को जागरूक करने की जरूरत बताई।

विमल नेगी

हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की संदिग्ध मौत मामले में भाजपा ने आज शिमला स्थित राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को निष्पक्ष जांच संबंधी एक

ज्ञापन सौंपा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित विधायक दल ने इस मामले की सीबीआई जांच और एचपीपीसीएल की दो वर्ष की गतिविधियों की निष्पक्ष जॉच की मांग भी राज्यपाल के समक्ष रखी है ताकि विमल नेगी के परिजन संतुष्ट हो सकें।

सुरेश कश्यप

लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर शिमला ज़िला के खड़ापत्थर टनल के निर्माण की मांग को मजबूती से उठाया। उन्होंने कहा कि ये सुरंग निर्माण जहां यात्रा को सुगम बनाएगी वहीं सेब उत्पादकों, पर्यटन और क्षेत्र के आर्थिक विकास के मील पत्थर साबित होगी।

थलौट हादसा

कुल्लू जिला के बंजार उपमंडल के तहत पिन पार्वती नदी में नहाने उतरे दोनों युवकों के शव पुलिस ने गोताखोरों की मदद से आज सुबह बरामद कर लिए है। दोनों शव पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंपे जाएंगे। सैंज पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थलौट आईटीआई में शिक्षा ग्रहण कर रहे दो युवक कल पिन पर्वती नदी में नहाने उतरे थे, लेकिन पानी गहरा होने के चलते दोनों डूब गए। मृतक युवकों की पहचान मंडी ज़िले की बालीचौकी तहसील के भुराह गांव के धर्मेंद्र और काहरा गांव के घनश्याम सिंह के रूप में हुई हैं। ये दोनों 18 वर्ष के थे।

नमस्कार।